प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित ''प्रशिक्षण एवं भ्रमण इकाई'' में इस वित्तीय वर्ष 2026 में माह सितम्बर 2026 में स्वरोजगार योजनांतर्गत ''कुक्कुट पालन ; पशुपालन प्रबन्धन ; मशरूम उत्पादन ; मौन पालन ; सुकर पालन  एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्राथमिकता के आधार पर 35 से 40 प्रशिक्षणार्थियों का ही पंजीकरण किया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण शुल्क **एक हजार रूपये प्रति अभ्यर्थी निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास एवं भोजन की व्यवस्था विश्वविद्यालय में प्रचलित रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी जिसका व्यय प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं वहन करना होगा।** उपरोक्त पंजीकरण हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 7500241451, 8958601733 एवं 6397754608 या ई–मेल tandvunit2022@gmail.com के माध्यम से सर्म्पक कर सकते हैं।